पशुपालन विभाग डायल 112 की तर्ज पर 200 पशु एंबुलेंस कराएगा तैयार

चर्चा में क्यों?

1 जुलाई, 2023 को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल ने राज्य के भिवानी ज़िले के बहल में लुवास हिसार की ओर से स्थापित हरियाणा पशु विज्ञान केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर बताया कि पशुपालन विभाग पुलिस पीसीआर की डायल 112 की तर्ज पर 200 एंबुलेंस तैयार कर रही है।

प्रमुख बिंदु

- प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिये परंपरागत खेती के अलावा पशुपालन, मछलीपालन, बागवानी जैसी योजनाओं को बढ़ावा दे रही है ताकि किसान उनको अपनाकर समृद्ध हो सकें, इसीलिये एंबुलेंस तैयार की जा रही हैं।
- विभाग की ओर से 70 पशु चिकित्सा एंबुलेंस खरीदी गई है और 130 एंबुलेंस की खरीद की जानी है। इनके लिये एक टोल फ्री नंबर दिया जाएगा, जिस पर कॉल करने से पशुपालक को बीमार पशु के लिये चिकित्सकीय सेवा उसके घर, द्वार पर मिलेगी।
- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि पशुपालन क्षेत्र में लागू योजनाओं से हरियाणा प्रदेश दुग्ध उत्पादन में देशभर में दूसरे नंबर पर आ गया है। प्रदेश सरकार ने जो भी योजनाएँ लागू की है, उनमें अधिकतर योजनाएँ किसान के उत्थान और विकास से जुड़ी है।
- राज्य सरकार ने किसान को फसल बुवाई के समय खाद, बीज सहित अन्य ज़रूरतों को पूरा करवाने के अलावा किसान के उत्पाद की एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित की है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदा से खराब फसलों को पूरा मुआवजा देकर खेती को जोखिम रहित बनाया है।
- इस अवसर पर कृषि मंत्री ने बताया कि लोहारू क्षेत्र में कृषि को बढ़ावा देने के लिये जहाँ नहरों की मरम्मत व नई नहरें बनवाई गई हैं। वहीं टेल तक पानी पहुँचाने का प्रयास किया गया है।
- उन्होंने बताया कि लुवास का भिवानी के बहल में बनने वाला सेंटर क्षेत्र के किसान व पशुपालकों के लिये मील का पत्थर साबित होगा। अब लोगों को पशु उपचार के लिये हिसार नहीं जाना पड़ेगा।
- पशुपालकों को इस केंद्र में पशुओं की विभिन्न बीमारियों के लिये एक्सरे, अल्ट्रासाउंड, सर्जरी, गायनी की पूरी सुविधा होगी। इसके अलावा, केंद्र ईटीटी (ईम्ब्रो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी) की तकनीक पर काम करते हुए ऐसी नस्ल के पशु तैयार करेगा। जिससे ज्यादा दूध मिलेगा और नस्ल सुधार होगी। यह प्रदेश का तीसरा ऐसा केंद्र है, जिसमें ये सब सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/animal-husbandry-department-will-prepare-200-animal-ambulances-on-the-lines-of-dial-112